श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 124, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज गुरुवार, 10 दिसम्बर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

14 दिसंबर को किसान फिर करेंगे भारत बंद

सरकार कृषि कानून में संशोधन को तैयार, जानें समाधान में भेजे प्रस्ताव का ब्यौरा

सरकार पहले ही साफ कर चुकी है कि वह कृषि कानूनों को वापस नहीं लेगी। समाचार एजेंसी आइएएनएस के मुताबिक सरकार बीच का रास्ता निकालने के लिए नए कृषि कानूनों में संशोधन का तैयार हो गई है।

नई दिल्ली, जेएनएन/एजेंसियां। कृषि सुधार के कानूनों को रद करने और एमएसपी की गारंटी देने का कानून बनाने की मांग पर अड़े किसानों ने सरकार के संशोधन प्रस्तावों को खारिज कर दिया है। अपनी मांगों के माने जाने तक आंदोलन को और तेज करने का फैसला किया है। सरकार के संशोधन वाले प्रस्तावों और किसान मोर्चे के फैसले को लेकर बुधवार को दिनभर गहमागहमी का माहौल रहा। इस बीच किसानों के समर्थन में विपक्षी दलों ने राष्ट्रपति से मुलाकात कर कृषि कानूनों को रद करने की मांग की।

सरकार पहले ही साफ कर चुकी है कि वह कृषि कानूनों को वापस नहीं लेगी लेकिन वह बीच का रास्?ता निकालने के लिए नए कृषि कानूनों में संशोधन का तैयार हो गई है। सरकार ने अपने संशोधन प्रस्ताव में जोर देकर कहा है कि केंद्र सरकार एमएसपी की मौजूदा सरकारी खरीद प्रणाली के संबंध में लिखित भरोसा देने को तैयार है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ बीती रात दो घंटे की चर्चा में बनी सहमति के बाद किसान मोर्चे के नेताओं के पास सरकार ने बुधवार को दोपहर बाद संशोधन प्रस्ताव भेजा।

14 दिसंबर को देशव्यापी प्रदर्शन

किसान नेताओं ने कहा है कि तीनों कृषि कानून रद किए जाएं और न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी की गारंटी वाला कानून लाया जाए। किसानों ने अपना आंदोलन तेज करते हुए दिल्ली को जाम करने का ऐलान किया है। उनके घोषित कार्यक्रम में दिल्ली को जोड़ने वाले सभी राष्ट्रीय राजमार्गों दिल्ली से जयपुर, दिल्ली से आगरा और दिल्ली से लखनऊ की ओर जाने वाली सड़कें रोक दी जाएंगी। टोल प्लाजा खोल दिए जाएंगे। किसानों ने 14 दिसंबर को देशभर में जिला और प्रदेश स्तर पर धरना प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। भाजपा के नेताओं और उनके कार्यालयों का घेराव किया जाएगा।

कृषि कानूनों को खत्म करने की मांग

प्रस्ताव में कहा गया था कि किसानों से उपज की खरीद करने वाले निजी व्यापारियों के लिए पंजीकरण का प्रावधान होगा। हालांकि किसान नेता तीनों नए कृषि कानूनों को खत?म करने की मांग कर रहे हैं। इस मसले पर सरकार ने प्रस्?ताव में कहा है कि वह उन कानूनों के प्रावधानों पर संशोधन के लिए विचार करने को तैयार है जिन पर किसानों की आपत्तियां हैं।

व्यापारियों के पंजीकरण पर प्रस्ताव

मंडी समितियों की ओर से स्थापित मंडियों के कमजोर होने और किसानों के निजी मंडियों के चंगुल में फंसने के मसले के समाधान के लिए भी सरकार ने कानून में संशोधन का प्रस्ताव दिया है। सरकार ने अपने प्रस्ताव में कहा है कि राज्य सरकार निजी मंडियों में भी रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था लागू कर सकती हैं। यही नहीं एपीएमसी में लागू मंडी शुल्क या उपकर निजी मंडियों पर भी तय हो सकेगा।

मंडी के बाहर फसल बेच सकेंगे

किसानों को आशंका है कि सरकार के कानूनों से मंडी समितियों की ओर से बनाई गई मंडियां कमजोर हो जाएंगी और किसान निजी मंडियों के चंगुल में फंस जाएंगे। जबकि सरकार का कहना है कि नए प्रावधान पुराने विकल्प को जारी रखते हुए किसानों को अधिक विकल्प उपलब्ध कराएंगे। किसान अब मंडी के बाहर किसी भंडारगृह से या खेत से भी फसल बेच सकेंगे।

सिविल कोर्ट जाने का दिया विकल्प

नए कृषि कानूनों में किसी प्रकार के विवाद की स्थिति में किसानों को सिविल कोर्ट जाने का विकल्प नहीं होने को लेकर किसानों के डर को भी दूर किया गया है। सरकार ने प्रस्ताव में कानून में संशोधन कर किसानों को कानून में दी गई व्यवस्था के अलावा सिविल कोर्ट जाने का विकल्प दिया है।

कृषि कानूनों को रद करने की मांग पर अड़े किसान

वहीं किसान कृषि कानूनों को रद करने की मांग पर अड़ गए हैं। क्रांतिकारी किसान यूनियन के अध्यक्ष दर्शन पाल ने कहा कि सरकार की तरफ से जो प्रस्ताव आया है उसे हम पूरी तरह से रद करते हैं। हम प्रदर्शनों को तेज करेंगे... अब पूरे देश में हर रोज प्रदर्शन होंगे। आने वाले 14 दिसंबर को पंजाब, हरियाणा, यूपी, राजस्थान और मध्य प्रदेश में धरने आयोजित होंगे। आगमी 12 दिसंबर को जयपुर-दिल्ली हाईवे पर रोक लगाया जाएगा। यही नहीं 12 तारीख को एक दिन के लिए पूरे देश के टोल प्लाजा फ्री कर दिए जाएंगे...

भूमि विहीन नहीं होंगे किसान

किसानों को डर है कि उनकी जमीन पर बड़े उद्योगपति कब्जा कर लेंगे जिससे वह भूमि विहीन हो जाएगा। इस पर सरकार ने कहा है कि किसान की जमीन पर बनाई जाने वाली संरचना पर खरीददार की ओर से कोई कर्ज नहीं लिया जा सकेगा ना तो उसकी संरचना बंधक रखी जा सकेगी। किसानों को डर है कि उनकी जमीन की कुर्की हो सकेगी। जबकि सरकार ने अपने प्रस्ताव में समझाया है कि कृषि करार अधिनियम की धारा 15 के अंतर्गत किसान की जमीन के विरुद्ध किसी प्रकार की वसूली या कुर्की नहीं की जा सकती है। सरकार का कहना है कि प्रावधान पहले से ही यह बात बिल्कुल साफ है लेकिन यदि स्पष्टीकरण की जरूरत होगी तो इसे दोबारा जारी किया जाएगा।

बिजली पराली के मसले पर भी राजी

सरकार ने प्रस्ताव में पराली जलाने से जुड़े अध्यादेश में कठोर दंड के प्रावधान पर भी विचार करने का भरोसा दिया है। सरकार का कहना है कि पराली जलाने से संबंधित प्रावधान पर किसानों की आपत्तियों का समाधान किया जाएगा। इसके अलावा बिजली संशोधन विधेयक 2020 को खत्म करने की मांग पर सरकार का कहना है कि किसानों के बिजली बिल भुगतान की मौजूदा व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं होने जा रहा है।

केंद्रीय कृषि मंत्री ने कही यह बात

सरकार की ओर से भेजे गए प्रस्ताव पर केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि मोदी सरकार ने किसानों को उनकी फसलों का डेढ़ गुना एमएसपी देने की बात बार-बार दोहरा चुकी है। एमएसपी पर फसलों की खरीद पूर्ववत जारी रहेगी और अभी भी इस मसले पर सरकार का रुख बरकरार है। हम एमएसपी के मसले पर किसानों को भरोसा देने को तैयार हैं।

20 फीसद ज्याद धान खरीदा

सरकार ने कहा है कि उसने चालू खरीफ विपणन सत्र में पिछले साल के मुकाबले अब तक 20 फीसद ज्याद धान खरीदा है। इसके लिए 66,135 करोड़ रुपये का न्यूनतम समर्थन मूल्य चुकाया गया है और कुल 350.29 लाख टन धान की खरीद हो चुकी है। सरकार का कहना है कि धान खरीद का काम पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, उत्तराखंड, तमिलनाडु, केरल, गुजरात, आंध्र, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और बिहार में सुचारू रूप से हुई है।

ऑस्ट्रेलियाई राजनयिक ने की भारत की सराहना, बोले- पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन निर्माण की क्षमता

नई दिल्ली, एएनआइ। बुधवार को साठ से ज्यादा देशों के राजनयिक हैदराबाद में कोरोना वैक्सीन बनाने वाली भारतीय कंपनियों के दौरे पर हैं। विभिन्न देशों के राजनयिकों का दल कोरोना वायरस की देश में विकसित और निर्मित की जा रही वैक्सीन के बारे में जानकारी लेने के लिए यहां आया है। इसके मद्देनजर ऑस्ट्रेलियाई राजनयिक बैरी ओ फैरेल ने भारत की सराहना की है। उन्होंने कहा कि सभी देश वैक्सीन के निर्माण में लगे हैं लेकिन सिर्फ भारत पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन की डोज तैयार करने की क्षमता रखता है।

न्यूज एजेंसी एएनआइ के मुताबिक, फैरेल ने कहा, 'दुनियाभर के देशों में कई टीकों का उत्पादन किया जा रहा है, लेकिन सिर्फ भारत ऐसा देश है जहां नागरिकों की मांगों को पूरा करने के लिए पर्याप्त मात्रा में उत्पादन करने की क्षमता है।'

देश में तीन कोरोना वैक्सीन पर विचार चल रहा है। इन तीनों वैक्सीन को भारत बायोटेक, फाइजर और सीरम इंस्टीट्यूट द्वारा विकसित किया गया है। इन तीनों ने ही पिछले दिनों में भारत के ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया से अपनी-अपनी वैक्सीन के इमरजेंसी सेवा के तौर पर उपयोग करने की अनुमति मांगी है। सरकार की तरफ से केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, कोविड-19 वैक्सीन लेने के बाद भी लोगों को दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा। मसलन मास्क लगाकर ही घर से बाहर जाना, दो गज की दूरी जैसे नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा। इसके अलावा सचिव ने यह भी जानकारी दी है कि आने वाले दिनों में कुछ और वैक्सीन भी लाइसेंस के लिए अप्लाई कर सकती हैं।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने नलकूप ऑपरेटरों को बांटे नियुक्ति पत्र

बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास से वर्चुअल कार्यक्रम में जुड़कर प्रदेश के 3209 नलकूप ऑपरेटरों को नियुक्ति पत्र बांटे

लखनऊ, जेएनएन। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार सभी विभागों से यथासंभव रोजगार देने का प्रयास कर रही है। इसी क्रम में मिशन रोजगार के तहत बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास से वर्चुअल कार्यक्रम में जुड़कर प्रदेश के 3,209 नलकूप ऑपरेटरों को नियुक्ति पत्र बांटे। प्रदेश में पहली बार नलकूप ऑपरेटरों में महिलाओं का भी चयन किया गया है। यूपीएसएसएससी चयन प्रक्रिया से चुने गए ऑपरेटर्स में 516 महिलाएं हैं। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि ट्यूबवेल ऑपरेटरों का कर्तव्य है कि वे सभी किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा प्रदान करें।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश सरकार की लगातार कोशिशों से किसानों को समय पर खाद-बीज और सिंचाई की सुविधा मिलने लगी है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, पर ड्राप मोर क्रॉप जैसी योजनाओं ने खेती-किसानी को लाभकर बनाया है। सिंचाई व्यवस्था को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है। नलकूपों के सुगम संचालन के लिए गांवों में बिजली आपूर्ति न होने की समस्या दूर की गई है। यह सब किसान हितों को संरक्षित करने की ही कोशिश है। सीएम योगी ने कहा कि खुशहाल किसान, समृद्ध प्रदेश की आधारशिला हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य को लेकर सरकार लगातार काम कर रही है। किसानों की खुशहाली के लिए हर कदम उठाये जाएंगे। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से पहली बार नलकूप चालकों के चयन के लिए परीक्षा और फिर प्रशिक्षण कराए जाने की नीति को ऐतिहासिक बताते हुए सीएम योगी ने नलकूप चालकों को खेती का महत्वपूर्ण अंग बताया। सीएम ने पहली बार नलकूप चालक के पद पर महिलाओं के चयन पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने कहा कि यह 516 महिला नलकूप चालक एक नया इतिहास रच रही हैं। सीएम ने नवचयनित सभी नलकूप चालकों को बधाई देते हुए उन्हें जल संरक्षण की सीख भी दी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नलकूप ऑपरेटरों के चयन की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से की गई है। जिन्होंने मेहनत की उसका सुफल आज चयनितों को मिल रहा है। अब आप सभी का दायित्व है कि पूरी ऊर्जा और लगन के साथ सभी किसानों के खेतों तक जल की उपलब्धता सुनिश्चित करें। हमें एक-एक बूंद जल की कीमत को समझना होगा। इसके उचित संरक्षण को नियोजित करना होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में नौकरी का एक मात्र आधार 'मेरिट' ही है। प्रदेश में पूरी पारदर्शी तरीके से एक लाख 37 हजार से अधिक पदों पर पुलिस विभाग में भर्तियां की गईं। लगभग एक लाख बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षकों का चयन किया गया। अन्य सभी विभागों में भी नियुक्ति की प्रक्रिया शानदार तरीके से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं कि जब प्रदेश में चार लाख से अधिक सरकारी नियुक्तियों की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। वहीं 15 लाख ने निजी क्षेत्र में कॅरियर बनाया है। यही नहीं, बैंकों से जोड़कर सरकार ने डेढ़ करोड़ युवाओं को स्वतः रोजगार के लिए वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराए हैं। सीएम ने कहा कि 'मिशन रोजगार' का यह क्रम जारी रहेगा। मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण एवं पदस्थापना कार्यक्रम में लखनऊ में तैनाती पाने वाले नवचयनित नलकूप चालक शोभित शुक्ला, सुजीत नारायण, अरुण कुमार, ख्याति शर्मा और कंचन निषाद को मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र प्रदान किये, जबकि शेष युवाओं को जनपदों में आयोजित कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने नियुक्ति पत्र दिए। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में जलशक्ति मंत्री डॉ. महेंद्र सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में बीते साढ़े तीन साल जल शक्ति विभाग के लिए ऐतिहासिक रहे हैं। प्रदेश में सिंचित भूमि का दायरा 23 लाख हेक्टेयर हो गया है, तो वर्षों से खाली पदों पर नियुक्तियों की प्रक्रिया तेजी से पूरी हो रही है। 2011 के बाद पहली बार नलकूप चालकों की नियुक्ति हो रही है। इस बार पहली बार महिलाओं की तैनाती भी नलकूप चालक के पद पर हुई है, यह ऐतिहासिक है। यही नहीं, पहली बार इस पद के लिए बकायदे परीक्षा कराई गई। सफल अभ्यर्थियों को एक माह का प्रशिक्षण दिया गया। जलशक्ति मंत्री ने सभी नवचयनित नलकूप चालकों को मनचाहे जनपद में तैनाती पर बधाई भी दी।

महंत नृत्यगोपालदास की तबीयत ठीक, लखनऊ के मेदांता अस्पताल से डिस्चार्ज : पहुंचे अयोध्या

लखनऊ, जेएनएन। श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपालदास पूरे एक माह बाद लखनऊ स्थित मेदांता अस्पताल से छुट्टी पाने के बाद बुधवार को सायं वापस रामनगरी पहुंचे। नजदीकी शिष्यों एवं चिकित्सकों की निगरानी में उन्हें एंबुलेंस से अयोध्या लाया गया। बेहद सावधानी और आदरपूर्वक उन्हें एंबुलेंस से उतारकर व्हील चेयर से उनके कक्ष में पहुंचाया गया। इस कक्ष में उनके और चुनिंदा चिकित्सकों के अलावा उनके निजी सेवक जगन्नाथदास एवं जानकीदास को ही जाने की इजाजत है। विहिप के प्रांतीय प्रवक्ता शरद शर्मा के अनुसार महाराजश्री के स्वास्थ्य को लेकर अति सजगता बरती जा रही है और ऐसा कुछ नहीं होने दिया जायेगा, जिससे उनके पुनः संक्रमित होने की आशंका हो। इस मौके पर जिलाधिकारी अनुजकुमार झा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. घनश्याम सिंह, महंत नृत्यगोपालदास के उत्तराधिकारी महंत कमलनयनदास, कृपालु रामदास आदि सहित बड़ी संख्या में संत एवं श्रद्धालु मौजूद रहे। मेदांता के चिकित्सकों ने शनिवार को ही उनके स्वास्थ्य में सुधार का बुलेटिन जारी किया था। तभी अस्पताल से उनके डिस्चार्ज होने की उम्मीद की जाने लगी थी। गत नौ नवंबर को सांस लेने में तकलीफ होने के बाद महंत नृत्यगोपालदास को एंबुलेंस से लखनऊ ले जाया गया और मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्हें सांस लेने में तकलीफ व सीने में दर्द था। डॉक्टरों की जांच में फेफड़े की नसों में रक्त का थक्का जमा मिला। इस दौरान प्रोसीजर व दवा के जरिए चिकित्सकों ने थक्का साफ करने में सफलता पाई। इसके बाद धीरे-धीरे महंत की तबीयत में सुधार आया। मेदांता अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. राकेश कपूर के मुताबिक महंत एक सप्ताह से ऑक्सीजन सपोर्ट से बाहर थे। इस दौरान वह खुद से ऑक्सीजन ले रहे थे। वह काफी राहत महसूस कर रहे थे। ऐसे में बुधवार दो बजे उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया। वह समय-समय पर फॉलोअप के लिए आते रहेंगे।

हालांकि नृत्यगोपालदास की तबियत 13 अगस्त को ही बिगड़ गयी थी। वे कृष्ण जन्माष्टमी में मुख्य अतिथि के तौर पर हिस्सा लेने मथुरा स्थित कृष्णजन्मभूमि गये थे और कृष्ण जन्मोत्सव के दौरान ही उनकी तबियत बिगड़ी। अगले दिन जांच में वे कोरोनाग्रसत पाये गये। इसके बाद 24 दिनों तक वे गुडगांव स्थित मेदांता अस्पताल में भर्ती रहे। सात सितंबर को गुडगांव के अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद अयोध्या लाये गये थे और चिकित्सकों की विशेष निगरानी में थे। इसके बावजूद उनकी तबियत पुनः बिगड़ी और उन्हें नौ नवंबर को दूसरी बार अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था।

सुप्रीम कोर्ट में 25 जनवरी से होगी मराठा आरक्षण मामले की विस्तृत सुनवाई

नई दिल्ली, एएनआइ। सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण पर लगी अंतरिम रोक हटाने से मना कर दिया है। मराठा आरक्षण मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि इस मामले की विस्तृत सुनवाई 25 जनवरी से होगी। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि चूंकि संविधान में 102 वां संशोधन विचाराधीन है, इसलिए कोर्ट ने अटॉर्नी जनरल को नोटिस जारी किया है। वहीं, इसके साथ ही कोर्ट ने अधिवक्ताओं से लिखित दलीलें देने को कहा है।

महाराष्ट्र सरकार ने रोक से पहले नौकरी के लिए चुन लिए गए 2185 लोगों को नियुक्त करने की अनुमति मांगी थी। कोर्ट ने फिलहाल इस पर भी आदेश देने से मना कर दिया है। बता दें कि इस साल सितंबर में सुप्रीम कोर्ट ने मराठा समुदाय को 16 फीसदी आरक्षण देने से जुड़े महाराष्ट्र के सामाजिक एवं शैक्षिक रूप से पिछड़ा वर्ग कानून के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी थी।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों से कोरोना दिशानिर्देशों और आग से सुरक्षा पर मांगा जवाब

सुप्रीम कोर्ट ने कोरोना संक्रमण रोकने के लिए मास्क पहनने और सोशल डिस्टेंसिंग के दिशा निर्देश लागू कराने तथा अस्पतालों में आग से बचाव पर सभी राज्यों और केंद्र से जवाब मांगा है। इस मामले पर 14 दिसंबर को फिर सुनवाई होगी।

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कोरोना संक्रमण रोकने के लिए मास्क पहनने और सोशल डिस्टेंसिंग के दिशा निर्देश लागू कराने तथा अस्पतालों में आग से बचाव पर सभी राज्यों और केंद्र से जवाब मांगा है। कोर्ट ने केंद्र और राज्यों को इस सप्ताह के अंत तक सुझाव और हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले पर 14 दिसंबर को फिर सुनवाई होगी।

न्यायमूर्ति अशोक भूषण की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने ये निर्देश कोरोना मरीजों के इलाज और इस बीमारी से मरने वालों के शवों का गरिमा पूर्ण ढंग से इंतजाम किये जाने के मामले में सुनवाई करते हुए जारी किये। सुप्रीम कोर्ट इस मामले में स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई कर रहा है। इसी मामले में कोर्ट ने गुजरात के राजकोट के अस्पताल में अग्निकांड और उसमे पांच मरीजों के मरने की घटना पर भी स्वतः संज्ञान लिया था। कोर्ट ने अस्पतालों और नर्सिंग होम में आग से बचाव पर जवाब मांगा था। इसके अलावा कोर्ट ने पिछली सुनवाई गत 3 दिसंबर को कोरोना के फैलते संक्रमण और मास्क पहनने व सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों के प्रति लोगों की लापरवाही पर चिंता जाहिर की थी। कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र से कहा था कि वह कोरोना संक्रमण से बचाव के दिशानिर्देश जैसे मास्क लगाने की अनिवार्यता और सोशल डिस्टेंसिंग को लागू कराने के लिए किये गए उपायों पर हलफनामा दाखिल करें और अपने सुझाव दें ताकि कोर्ट इस बारे में उचित आदेश जारी कर सके।

बुधवार को मामले पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने फिर कहा कि कोरोना से बचाव के दिशा निर्देश लागू करने के लिए राज्यों ने क्या उपाय किये हैं और इस बारे में उनके क्या सुझाव हैं, वे 3 दिसंबर के आदेश के मुताबिक कोर्ट मे दाखिल करें। इसके अलावा कोर्ट ने गुजरात के अतिरिक्त मुख्य सचिव को भी 3 दिसंबर के आदेश के मुताबिक अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है।

इसके पहले केंद्र सरकार की ओर से पेश सालिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ को बताया कि केंद्र सरकार ने आग से सुरक्षा के आडिट के बारे में सभी राज्यों को निर्देश दिया है कि वे इसके लिए उचित कमेटी का गठन करें। मेहता ने कहा कि सभी जगह के आंकड़े और ब्योरा संयोजित करने का काम चल रहा है। उन्होंने कोर्ट से कहा कि वह तीन दिन के भीतर हलफनामे के साथ सारा ब्योरा कोर्ट में दाखिल कर देंगे। कोर्ट ने उन्हें इसके लिए तीन दिन का समय दे दिया।

गुजरात के राजकोट के अस्पताल में अग्निकांड की घटना पर सालिसिटर जनरल ने कोर्ट को बताया कि जस्टिस डीएस मेहता की अध्यक्षता में एक जांच समिति गठित की गई है। समिति घटना की जांच कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि इसके पहले अहमदाबाद के श्रेयस अस्पताल में हुए अग्निकांड मामले की जांच भी इसी समिति को दे दी जाए ताकि जल्दी रिपोर्ट आ सके और उचित उपाय किये जा सकें। कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार इस बारे में उचित आदेश जारी कर सकती है।

संक्षेप समाचार

राजा कमलाकर इंटर कॉलेज की अर्धवार्षिक परीक्षा 11 से

शंकरगढ़। राजा कमलाकर इंटर कॉलेज शंकरगढ़ की अर्द्धवार्षिक परीक्षा 11 दिसंबर से आयोजित होगी। यह जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य ए.पी. सिंह ने देते हुए सभी छात्र और छात्राओं से अपील किया है कि परीक्षा में कोविड-19 की गाइड लाइन का पालन करते हुए परीक्षा में सम्मिलित हो।

बिन बेटी सब सून : बिंदुलेखा पटेल

करमा। बेटियाँ कुदरत का वरदान होती हैं बिन बेटियों कें राष्ट्र कों विकसित नही किया जा सकता इसलिए समाज कें सभी लोगों का नैतिक दायित्व हैं कि बेटियों कों समान अवसर एवं सम्मान प्रदान करें उक्त बातें जनपद की सामाजिक संस्था की सचिव श्रीमती बिंदुलेंखा पटेल क्षेत्र कें अकोढ़ा में एक सामाजिक संस्थान पर सोलर ऊर्जा कें उदघाटन कें दौरान बेटियों कें संबोधन में व्यक्त की आगे उन्होने यह भी जानकारी प्रदान करतें हुए बोली कि आगामी 12दिसंबर कों जसरा, चाका कें बरामार सहित 13दिसंबर कों कुल्हाड़ीया में श्री मनोज पटेल कें यहाँ मिशन शक्ति एवम सोलर ऊर्जा संस्थान भेंट करेगा ।

जसरा में लग रहे भीषण जाम से यात्री हलाकान

जसरा। प्रयागराज बांदा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित जसरा रेलवे फाटक पर लगने वाला जाम अब दिन पर दिन मुसीबत बनता जा रहा है। फाटक बंद होने के बाद बेतरतीब वाहनों की तीन-तीन कतारों के कारण आवागमन पूरी तरह से ठप हो जाता है। जाम को छुड़वाने के लिए थानाध्यक्ष घूरपुर भुवनेश चौबे को मय हमराहियों को काफी जलालत झेलनी पड़ी। जसरा रेलवे फाटक पर आए दिन जाम लगने से व्यापारियों के साथ बुधवार को भीषण लग्न में आने जाने वाले लोगों को घंटों जाम में फंसे रहना पढ़ रहा है। एक तरफ डबल रेलवे ट्रैक के कारण ट्रेनों का आवागमन बढ़ गया है, वहीं लोगों को अपने वाहनों को जल्दी निकालने की होड़ में लोग वाहनों को तीन तीन लाइनों में खड़ा देते हैं। जिसके कारण दो पहिया वाहनों सहित पैदल निकलने वाले लोगों को खासी जलालत उठानी पड़ रही है। थानाध्यक्ष घूरपुर भुवनेश चौबे अपने हमराहियों के साथ जाम खुलवाने में घंटों लगे रहे। जबकि थाने के दो सिपाही के साथ दो होम गार्डों को फाटक के दोनों ओर लगाया गया है, लेकिन फाटक बंद होते ही दोनों ओर बेतरतीब वाहनों का जमावड़ा लगना आम बात हो गयी है।

जसरा रेलवे फाटक पर भीषण जाम लगने परेशान यात्री

जाम में फंसे रहे डीजे और रोड लाइट

बुधवार को विवाह का लगन होने के कारण जाम में डीजे और रोड लाइट घंटों फंसे रहे। उनको लग्न में दूर दूर की यात्रा करनी पड़ती है । जाम खुलने के बाद ही वह सब अपने गंतव्य को जा पाएंगे।

जाम से कैसे मिले निजात

जसरा बाजार के व्यापारियों व क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों ने कहा कि जाम से निजात मिलना अब असंभव लग रहा है। जाम के कारण लोगों को समय से अपने घरों तक पहुंचने में घंटों समय जाम में बिताना पड़ता है।

जसरा की दुकानदारी चौपट

जसरा बाजार के व्यापारियों की मानें तो जाम के कारण प्रतिदिन उनकी दुकानदारी नहीं हो पा रही है। बुधवार को लग्न में दूर-दूर से आने वाले ग्राहकों को दुकानों तक पहुंचने में काफी जलालत झेलनी पड़ी है।

फंसे रहे एंबुलेंस

जसरा के जाम में दूर-दूर से आने वाली एंबुलेंस भी घंटों फंसे रहते हैं। उसमें बैठाए गए मरीज समय से कई बार इलाज से वंचित होने के कारण उनकी मौत भी हो चुकी है।

सड़क चौड़ीकरण को लेकर व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन

करछना। कोहडार घाट करछना मार्ग के चौड़ीकरण को लेकर एक ओर जहा विभागीय लोगो द्वारा प्रभावित दुकानो और घरो मे नोटिस चस्पा कर दी गई है वही करछना बाजार के व्यापारियों के सामने रोजी रोटी का सकट खडा हो गया है।जिसे लेकर बुधवार को बाजार के व्यापिरियो ने बार एशोसिएसन के महामत्री हसराज सिह के नेतृत्व मे एक ज्ञापन एसडीएम करछना को सौपा जिसमे बताया गया कि चकबदी के पहले से करछना बाजार बसा है और तीन चार वर्ष पूर्व ध्वस्तीकरण की कार्यवाही मानक के अनुसार हो चुकी है उसके बावजूद पुनः 10 मीटर तक सडक चौडीकरण के लिए के लिए लिया गया है जिसमे कई ऐसे दुकानदार है जिनके पास न तो दुकान रखने की जगह बच रही और न ही रहने के लिए घर बच रहा है जिससे उनके सामने जहा एक ओर व्यवसाय का सकट खडा हो गया वही दूसरी ओर सर ढकने के लिए छत बच रही है।सभी ने पूर्व मे हुए बाईपास सर्वे को ही बनाने की माग की है,इस कार्यावही से करछना बाजार और साधुकूटी बाजार पूरी तरह समाप्त हो जाएगा जिससे बाजार का अस्तित्व खत्म हो सकता है। इस मौके पर सोहन लाल साहू नीरज केसरवानी, अशोक तिवारी सीपी सिह रामबाबू, पंकज चौरसिया मानिक चन्द्र हरिश्चन्द्र, सदीप चौरसिया सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

चार लोगों के खिलाफ लूटपाट का मुकदमा दर्ज

कौशांबी। पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के बिहका गांव में घर में घुसकर बंधक बनाकर तमंचे की नोक पर रिस्तेदारो ने नकदी और लाखों के जेवरात लूट लिए थे अदालत के निर्देश पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। बिहका उर्फ पूरामुफ्ती गांव निवासी इंद्रदपाल की पत्नी जलसा देवी अपने बेटे दीपक के साथ घर पर थी। इसी दौरान रात में चरवा थाने के रसूलपुर गांव निवासी उसके रिश्तेदार अपने तीन साथियों के साथ तमंचा लेकर घर पहुँचे और घर में घुसकर लूटपाट करने लगे। शोर सुनकर बेटा दीपक भी मौके पर पहुंच गया। इस दौरान बदमाशों ने उसको तमंचे की नोक पर बंधक बना लिया। इसके बाद आलमारी की चाभी लेकर उसमें रखा 20 हजार रुपये नकद समेत लगभग डेढ़ लाख रुपये का जेवरात लूट लिए। विरोध करने पर मां-बेटे को जमकर पीट दिया पुलिस के मुकदमा ना लिखने पर पीड़ित ने अदालत में फरियाद की अदालत के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

साइकिल यात्रा निकाल रहे सपाइयों को पुलिस ने रोका

आंदोलन को दबाना सरकार की हताशा : सोमदत्त सिंह

कोरांव। किसान आंदोलन के समर्थन में सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के आह्वाहन प्रदेश भर में चल रहे आंदोलन को लेकर प्रशासन विशेष चौकसी बरत रहा है जिसको लेकर पुलिस सपा नेताओ और कार्यकर्ताओ पर पैनी नजर बनाए रखे हुए है।

इस क्रम में दिन बुधवार को नगर पंचायत कोरांव में सोमदत्त सिंह पटेल जिला उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी के नेतृत्व में एक सायकिल यात्रा का आयोजन किया गया लेकिन यात्रा शुरू होने के पहले ही पुलिस पहुंच गई और यात्रा को रोकने का भरसक प्रयास किया इस दौरान सपा नेताओ से पुलिस की नोकझोक भी हुई। सपा नेता सोमदत्त सिंह पटेल ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा शांतिपूर्वक सोशल डिस्टेंसिग का पालन करते हुए विरोध प्रदर्शन और साइकिल यात्रा पद यात्रा को रोकना सरकार की हताशा की निशानी है और भाजपा सरकार पुलिस के दम पर आंदोलन को दबाना चाह रही है हालांकि समाजवादी पार्टी कभी भी इनके मंसूबों को सफल नहीं होने देगी।

सपाइयों को रोकती पुलिस

सपा नेता राजेश पाण्डेय ने कहा कि इस समय सरकार की दमनकारी नीति के माध्यम से जिस तरह से आंदोलन के दमन का प्रयास किया जा रहा है वह अंग्रेजी हुकूमत की याद दिला रही है लेकिन समाजवादी लोग जो कि लोहिया के सिद्धांतो पर चलने वाले है और लोहिया जी का सिद्धांत है मारेंगे नहीं पर मानेंगे भी नहीं जब तक किसानों की बात नहीं मानी जाएगी तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

इस मौके पर मुख्य रूप से राधेश्याम यादव, रामानुज यादव, पूर्व प्रमुख मेहताब खान, अल्पसंख्यक नेता ओम प्रकाश कुशवाहा, शहादत अली, दिनेश पटेल, मनोज, सोनी, रोहणी पाल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य नौशाद अंसार,ी मंगला कोल अखंड प्रताप भास्कर आदि लोग उपस्थित रहें।

दो पक्षों में जमकर मार पीट, आठ के खिलाफ क्रास मुकदमा दर्ज

मऊआइमा। खेत में बकरी चले जाने को लेकर दो पक्षों में जम कर मार पीट और चाकूबाजी हुई । दोनों पक्षों ने मऊआइमा थाने में क्रास मुकदमा दर्ज कराया है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मानीउमरपुर निवासी रमेश कुमार पुत्र सरजू प्रसाद का आरोप है कि उनके खेत में उनके विपक्षियों की बकरी चले जाने पर जब मना किया तो सारे विपक्षी एक राय होकर घर में घुस कर मारे पीटे और जाति सूचक गालियां दी एंव महिओं के साथ अभद्रता किए। पुलिस ने रमेश कुमार की तहरीर पर मऊआइमा पुलिस ने मुख्तार, इस्तेखार अहमद, फरोज आलम, इंतेखाब अहमद के खिलाफ घर में घुस कर मार पीट और एस सी एसटी एक्ट और छेडखानी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। उधर दूसरे पक्ष के इंतेखाब उद्दीन पुत्र मुख्तार अहमद ने त्रिलोकी, दिलीप कुमार, रमाशंकर, दीपक के खिलाफ मार पीट जान मारने की धमकी देते हुए चाकूओं से वार कर कई जख्मी कर देने का मुकदमा दर्ज करा दिया है । पुलिस मुकदमा दर्ज मामले की जांच कर रही है ।

तहसील प्रशासन की ओर से वितरित किया गया कम्बल

जरूरतमंदों को कंबल वितरित करते हुए

करछना। ठंड के मद्धेनजर तहसील प्रशासन करछना की ओर से बुधवार को क्षेत्र के पनासा,बरदहा जगौती, तेवरिया कला मे तहसीलदार के आदेश पर गाव के गरीबो मे कम्बल वितरित किया गया।तहसीलदार अनिल कुमार वर्मा के नेतृत्व मे हल्का लेखपाल द्वारा गावो मे कम्बल वितरित किया जाने लगा है। तहसीलदार ने बताया कि ऐसे गरीबो असहायो को चिन्हित कर उन्हे ठड से बचने के लिए कम्बल वितरित किया जा रहा है।इस मौके पर गजराज सिह, अखिलेश यादव, शेखर सिंह ने अपने अपने हल्के मे कम्बल का वितरण किया और सभी लेखपालो को निर्देशित किया गया है कि जल्द से जल्द गावो मे ऐसे असहायो गरीबो को कम्बल वितरित किया जा रहा है।

पुलिस समाज का अटूट हिस्सा, सभी लोग सम्मान करें : श्रीमती सिंह

करमा । पुलिस हमारे समाज के लिए वरदान हैं प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य हैं कि सभी लोग पुलिस कों सकारात्मक दृष्टि से देखें एवम सम्मान करें उक्त बातें वरिष्ठ समाजसेविका एवम इलाहाबाद विश्वविद्यालय की प्रोफेसर डा. आराध्या सिंह नें आज एक बैठक में पुलिस कर्मियों कों कोरोना योद्धा का सम्मान में प्रशस्ति पत्र भेंट कर रहीं थी आगे डा. सिंह नें यह भी स्वीकार की आगामी 13दिसंबर कों उनकी पूरी टीम जनपद प्रयागराज सहित कौशांबी कें मनौरी में पुलिस भाइयों एवम बहनों कें कों प्रशस्ति पत्र एवम सोलर उपक्रम भेंट करेंगीं उक्त कार्यक्रम में डा . नंदनी , डा रेशमा, डा . नाहिदा इत्यादि लोग उपस्थित रहीं ।

संकल्प सिद्धता के लिए साधन जरुरी नहीं : अनुरागी जी

सहसों। क्षेत्र के निबी गारापुर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन मंगलवार को कथा व्यास शेषधर मिश्र अनुरागी जी महाराज ने प्रहलाद चरित्र की कथा के पश्चात बामन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु को भी चाहिए कि अपने शिष्य को सदमार्ग की ओर ले जाएं अन्यथा एक दिन ऐसा आएगा कि शिष्य को पूर्ण ज्ञान होने पर गुरु सामाजिक दृष्टि से निंदा का पात्र होगा । कथा व्यास ने कहा कि संकल्प आपके सिद्ध हो तो साधन मायने नहीं रखता द्य जिस प्रकार दो पग में बामन भगवान ने माप लिया द्य राजा बलि ने तीसरा पर अपने सिर पर रखने को बोला तो उनके इस संकल्प पर अड़े रहने पर राजा फिर से रजा बना दिया द्य ठीक उसी प्रकार आपको भी अपने संकल्पों के अधीन रहना चाहिए द्य कथा व्यास ने कहा कि कोई भी संकल्प ले तो पीछे ना हटे द्य संकल्प में आप प्रभु को समर्पित करेंगे तो प्रभु उससे कहीं अधिक देंगे द्य साथ में कष्ट दुख तथा पाप का निवारण भी होगा द्य श्रीमद् भागवत कथा के रसपान से घर में सुख शांति के अतिरिक्त समृद्धि तथा परिजनों पर प्रभु की छाया निरंतर बनी रहेगी द्य जिससे घर में संपन्नता आएगी।

कथा के विश्राम पर मुख्य यजमान लक्ष्मीकांत तिवारी व कुशलता देवी ने ब्यास पीठ एवं देवताओं की आरती उतारी तत्पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर श्रोता भक्तों में पंकज शुक्ल, डाक्टर विश्वनाथ तिवारी, मुन्ना शुक्ल, नीरज तिवारी, दयाशंकर तिवारी, चिंता मणि शुक्ल, अशोक पाण्डेय समेत भारी संख्या में भक्तों ने कथा का रसपान किया।

पूर्व प्रधान को याद कर आज भी भर आती हैं लोगों की आखें

प्रतापगढ़। सरल स्वभाव व मिलनसार प्रवृत्ति के होने के चलते जनपद ही नही बल्कि कई जनपदों मे अपनी अलग पहचान बना चुके तथा समाज मे बेहतर कार्य के लिए जाने जाते थे पूर्व प्रधान स्व.जय करन सिंह । उनके द्वारा समाज हित मे किए गए विभिन्न कार्यों को याद कर भर आती हैं आज भी लोगों की आखें । राजनीति के क्षेत्र मे कदम रखने के बाद वे कई बार ग्राम प्रधान पद को सुशोभित करते हुए ग्राम सभा के साथ - साथ समाजहित मे अनेकों कार्य किए थे, जिस वजह से मरणोपरान्त भी लोगों को लिए मिशाल बन चुके स्व.सिंह जी को याद करते हुए लोग भावुक हो जाते हैं । हलांकि उन्ही के नक्शे कदम पर चलने का प्रयास कर रहे उनके पुत्र मुन्ना सिंह जो रोजी रोटी के सिलसिले मे बाहर रहते हैं किन्तु गांव के मिट्टी की खुशबू को नही भूल पा रहे हैं । वे बताते हैं कि उन्हे जब भी अवसर मिलता है वे गांव आते हैं और समाज के लोगों का स्नेह प्राप्त करते हैं । वैसे एक बात तो तय है लोग क्यों न कितने ही बड़े पद पर हो जाएं ,चाहे वह अपने देश मे रहें या विदेश मे, लेकिन एक न एक दिन उसे अपने गांव व समाज की मिट्टी की जो खुशबू है वो उसे जरुर खींच लाती है क्योंकि अपने गांव और समाज की माटी मे जो प्यार व अपनापन होता है वह कहीं और नही।

बीतने वाला है यह साल तुम्हारी याद आ रही : बेशरम

करछना। सच्चे माइने में मुंशी प्रेंमचन्द्र के उत्तराधिकारी और बोली बानी की कविता के नये कलेवर के साथ जन-मन के लोक जीवन का चित्रण करने वाले कवि कैलाश गौतम अपने रचना विमर्शो के साथ हमेशा जीवंत रहेगें। बुधवार को उनकी 14वीं तिथि के मौके पर साधुकूटी स्थित एसीआईटी में कैलाश गौतम स्मृति सभा के दौरान संचालन कर रहे उनके शिष्य हास्य कवि अशोक बेशरम ने यह बाते कही।रचानाओं द्वारा जनकवि को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उन्होने कहा कि- कचहरी में फिर मिले दलाल, रमेशर गुप्तेसर बेहाल पड़ा है सूखा जोड़ा ताल है बडकी भौजी भी बेहाल, बीतने वाला है यह साल तुम्हारी याद आ रही। गीतकार राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि सहज, सरल व्यक्तित्व था, सहज सरल व्यवहार,भाषा के वे धनी थे, सहज सरल उद्धगार। जीतेन्द्र जलज, संतोष शुक्ल समर्थ ने उन्हे और मंचीय रोमांस से परे समकालीन कविता की अनूठी परम्परा का कवि बताया तो वही रत्नाकर तनहा ने कहा कि उनके काव्य दर्शन में अज्ञेय,मुक्तिबोध और निराला की अनुभूतियो को सहज रूप से देखा जा सकता है।कवियों ने उन्हे सघन सच्चाई और सामाजिक राजनैतिक चरित्रो की पटकथा लिखने वाले कवि की संज्ञा दी। इस दौरान मौजूद स्थानीय लोक कलाकारों ने भी आकाशवाणी से जुडी पुरानी यादो को ताजा किया। स्मृति सभा की अध्यक्षता वरिष्ठ लोक कलाकार रामअवध यादव ने किया। इस मौके पर क्षेत्रीय प्रबुद्धजन, कवि साहित्यकार और बच्चे मौजूद रहे।

हास्य कवि अशोक बेसरम

जन्मदिवस पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने बांटे फल व मिष्ठान

फूलपुर। कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी के जन्म दिवस के अवसर पर बुधवार को कांग्रेसी कार्यकताओं ने जरूरतमंद एवं छोटे बच्चों में फल व मिष्ठान वितरित किया। कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अशफाक अहमद के नेतृत्व में बाबूगंज क्षेत्र के रामनाथ पट्टी में गरीब बच्चों को फल और मिठाइया बांटते हुए कार्यकताओं ने सोनिया गांधी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व प्रकाश डाला। पूर्व जिला उपाध्यक्ष अशफाक अहमद ने कहा कि आज देश में चारों और घोर अंधकार छाया हुआ है। किसान, मजदूर, छात्र, बेरोजगार नौजवान सब अपनी-अपनी समस्याओं से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश की बिगड़ी ब्यवस्था की जिम्मेदार भाजपा की गलत नीतियां हैं। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एडवोकेट देवराज उपाध्याय ने कहा कि सरकार सिर्फ हिंदू-मुस्लिम और मंदिर मस्जिद की बात कर देश को गलत दिशा में ले जा रही है। उन्होंने बताया कि देश के किसानों व नौजवानों की समस्या को देखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी ने अपना जन्मदिवस न मनाने का निर्णय लिया है। मौके पर जगत नारायण, सलीम टाइगर, तहजीब उल हसन, शमशेर बहादुर पटेल, मोहम्मद यूसुफ, मठल्लू, शाहिद,हसन, मकसूद अहमद, दिलीप कुमार दुबे, अश्वनी श्रीवास्तव, सूर्यकांत द्विवेदी सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बच्चों में फल वितरित करते कांग्रेस के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अशफाक, एडवोकेट देवराज उपाध्याय व अन्य

संक्षेप समाचार

किसान विरोधी अध्यादेश की वापसी तक जारी रहेगा विरोध : अरुण विद्यार्थी

कौशांबी। केंद्र सरकार ने किसान विरोधी अध्यादेश पास किया है जिसकी वापसी के लिए आज पूरे देश के किसान आंदोलन रत हैं ऐसे में सभी भारतीयों का यह धर्म बनता है कि वह किसानों के इस संघर्ष में उनके लिए सड़क पर उतर कर अपना विरोध दर्ज कराएं उक्त बातें कांग्रेस जिला अध्यक्ष अरुण विद्यार्थी ने 8 दिसंबर को भारत बंद के अवसर पर आयोजित प्रदर्शन के दौरान बोलते हुए कहीं। इस दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के इशारे पर पहुंची पुलिस ने शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे कार्यकताओं को गिरफ्तार कर लिया। कार्यक्रम की अगुवाई जिला अध्यक्ष अरुण विद्यार्थी कर रहे थे। इस दौरान प्रमुख रुप से महामंत्री बरसाती लाल पंडा, महामंत्री मिसबाहउल ऐन, उपाध्यक्ष आशीष कुमार मिश्रा पप्पू, कोषाध्यक्ष वेद प्रकाश सत्यार्थी, इजहार अब्बास, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अमित द्विवेदी, तमजीद अहमद, शाहिद सिद्धकी, किसानकांग्रेस अध्यक्ष रजनीश पांडे, कमलाकांत शुक्ला, छितनी दिवाकर, मोहम्मद गुलाम, खालिद भाई, असगर मदनी, फरमान अलकाब सिद्धकी, समसूल भाई सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस के सिपाहीयों को गिरफ्तार कर लोकतंत्र की हत्या करते हुए जेल भेज दिया गया।

माफिया अतीक अहमद के करीबी के दो मकान पर चली जेसीबी

प्रयागराज। प्रयागराज में माफिया के खिलाफ कार्रवाई का क्रम जारी है। माफिया अतीक अहमद, राजेश यादव, दिलीप मिश्रा आदि की अवैध अचल संपत्तियों के खिलाफ पहले ही की जा चुकी है। वहीं अतीक अहमद के कई रिश्तेदारों और नजदीकी लोगों ने भी अवैध अचल संपत्ति खड़ी की थी। उनमें से कई के मकान आदि को प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने तोड़ दिए थे। वहीं कई के तोड़े जा रहे हैं।

इसी क्रम में करेली थाना क्षेत्र के बख्शी मोढ़ा इलाके में माफिया अतीक अहमद के करीबी मुबारक की अवैध अचल संपत्ति को भी पीडीए ने तोड़ने का इरादा किया। बुधवार को प्रयागराज विकास प्राधिकरण के अधिकारी मुबारक के तीन मंजिला मकान को तोड़ने के लिए लाव-लश्कर के साथ पहुंचे। इसके बाद मकान को तोड़ने की कार्रवाई शुरू की गई। कोई ध्वस्तीकरण का विरोध न करे इसके लिए भी प्रबंध किया गयौ। भारी पुलिस फोर्स की मौजूदगी में मुबारक के मकान तोड़ने की कार्रवाई शुरू की गई। प्रयागराज विकास प्राधिकरण की टीम का कहना है कि इस मकान का नक्शा पास न होने के कारण ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है। करीब 300 से 400 वर्ग क्षेत्रफल में बने मुबारक के मकान को गिराने के पहले प्राधिकरण द्वारा लाए गए मजदूरों ने सामान को बाहर निकलवाया। वहीं, मुबारक के स्वजन मकान गिराए जाने से रोते बिलखते रहे। कुछ दूर पर स्थित मुबारक के एक अन्य मकान को भी जमीदोज किया गया।

मकान ढहाता पीडीए का जेसीबी व मकान ढहता देख रोती महिलाएं

प्रयागराज में विरोध करने वाले नेताओं पर कसेगा शिकंजा, केस दर्ज

प्रयागराज। नए कृषि कानून के विरोध में धरना, प्रदर्शन और हंगामा करने वाले नेताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस अब शिकंजा कसने की तैयारी कर रही है। अलग-अलग थानों में नामजद किए गए प्रदर्शनकारियों के विरुद्ध कोरोना महामारी, धारा 144 का उल्लंघन करने और रास्ता जाम करने के आरोप में एफआइआर दर्ज हुई है। पुलिस जल्द ही आरोपितों को नोटिस जारी करेगी। इसके बाद अभियुक्तों को जमानत करवाना पड़ेगा। विवेचना के दौरान अगर ऐसे लोगों का नाम सामने आता है, जिनके विरुद्ध पूर्व में मुकदमा पंजीकृत है तो उन्हें गिरफ्तार जेल भी भेजा जाएगा। उधर, कुछ पार्टी के नेताओं के बीच मुकदमा वापसी को लेकर भी रणनीति तैयार बनाने की बात कही जा रही है। मंगलवार को शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक विभिन्न राजनीतिक दल और संगठनों ने कृषि कानून के विरोध में धरना-प्रदर्शन किया था। हालांकि पुलिस की मुस्तैदी के चलते किसी भी जगह प्रदर्शन हिंसक नहीं हुआ। अलबत्ता अलग-अलग स्थानों से 430 लोगों को गिरफ्तार किया गया और फिर अधिकांश को निजी मुचलके पर कुछ घंटे बाद छोड़ दिया गया। ट्रेन रोकने के आरोप में गिरफ्तार नौ सपाइयों को जेल भेज दिया गया। शाम को पुलिस ने शहर के सिविल लाइंस, कर्नलगंज, जार्जटाउन, धूमनगंज, कोतवाली समेत कई थाने में 46 मुकदमा दर्ज किया गया। इसमें सपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के कई नेता नामजद हुए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रदर्शन के दौरान कोरोना महामारी गाइड लाइन और निषेधाज्ञा का उल्लंघन किया गया। सिविल लाइंस में रास्ता अवरुद्ध करने के चलते लोगों को परेशानी भी हुई। ऐसे में सभी आरोपितों के खिलाफ अब कार्रवाई की तैयारी।

प्रयागराज शहर का बढ़ रहा प्रदूषण, एयर क्वालिटी इंडेक्स खतरे से पहुंचा ऊपर

प्रयागराज। इस विषय पर सोचने और समझने के साथ जागरूक रहने की जरूरत है। ऐसा हम इसलिए कह रहे हैं क्योंकि शहर में इन दिनों हर दिन प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है। मंगलवार को एयर क्वालिटि इंडेक्स (एक्यूआइ) खतरे से ऊपर पहुंच गया था। शहर में प्रदूषण बढ़ाने में खटारा वाहनों का भी काफी योगदान है। ऐसे वाहन खुलेआम प्रयागराज की सड़कों पर दौड़ रहे हैं। ये वाहन हादसों को भी दावत दे रहे हैं। वहीं दूसरी ओर प्रशासन प्रदूषण का स्तर कम कर पाने में नाकाम साबित हो रहा है। दिसंबर माह में हर दिन शहर का प्रदूषण स्तर बढ़ा ही। प्रदूषण फैला रहे वाहनों पर कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जाती है। कुछ समय के बाद वही वाहन कुछ अफसरों की मिलीभगत से सड़कों पर फिर से दौड़ने लगते हैं। शहर के विभिन्न मार्गों पर ऐसे वाहन दौड़ते दिख जाएंगे। इनसे प्रदूषण का स्तर और भी बढ़ रहा है। लोगों का कहना है कि इस ओर प्रशासन को ध्यान देने की जरूरत है।

सीएमपी कॉलेज में ई-कार्यशाला का शुभारंभ

प्रयागराज। सीएमपी कॉलेज के वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं प्राणी विज्ञान इस संयुक्त तत्वाधान में ,जैव सूचना विज्ञान और कंप्यूटेशनल जीव विज्ञान परिचय और दृष्टिकोण विषय पर सात दिवसीय अंतर्विषयक संकाय विकास कार्यक्रम ई-कार्यशाला का शुभारंभ। कॉलेज के वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं प्राणी विज्ञान के संयुक्त तत्वाधान में डीबीटी स्टार कॉलेज परियोजना के अंतर्गत बुधवार को उपरोक्त विषय पर सात दिवसीय अंतर्विषयक संकाय विकास कार्यक्रम का एकता का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम के सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत प्राचार्य डॉक्टर बृजेश कुमार सीएमपी पीजी कॉलेज में किया। इस कड़ी में डॉक्टर सरिता श्रीवास्तव समन्वय डीबीटी स्टार कॉलेज परियोजना ने अध्यक्ष तथा की-नोट स्पीकर का परिचय कराया। शुभारंभ सत्र की अध्यक्षता प्रोफेसर यूसी लवानिया वनस्पति विज्ञान विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय ने किया। इस कार्यशाला की कीनोट स्पीकर डॉक्टर मेहर हसन आसिफ प्रिंसिपल साइंटिस्ट राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान लखनऊ ने अपना व्याख्यान डिफेरिंग द प्लांट जीनोम यूजिंग कंप्यूटेशनल बायोलॉजी एप्रोचेस, पर देते हुऐ जैवसूचनाविज्ञान के मूल तत्वों पर प्रकाश डाला और बताया कि किस प्रकार से राडाटा और सॉफ्टवेयर का प्रयोग कर ड्राई लैब से आंकड़ों का निर्माण, आंकड़ों का विश्लेषण तथा आंकड़ों का संग्रह किया जा सकता है। इसके साथ साथ इन्होंने केला पकने में शामिल नियामक तंत्र को विस्तार से बताया। कार्यक्रम की प्रथम तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डॉक्टर मधुलिका साइटोसिन शोध एवं विकास केंद्र लखनऊ ने किया।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की सूची से शुआट्स बाहर

प्रयागराज। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली की ओर से देशभर के 67 कृषि विश्वविद्यालयों की रैंकिंग जारी कर दी गई है। सैम हिग्गिनबॉटम युनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज (शुआट्स) सूची से बाहर है। ज्ञात हो कि यह रैंकिंग शिक्षण, शोध कार्य, सेमिनार, तकनीक के विकास और प्रोजेक्ट कार्यों को ध्यान में रखते हुए जारी की जाती है। वर्ष 2020 की रैंकिंग में नेशनल डेयरी रिसर्च इंस्टीट्यूट करनाल ने पहले पायदान पर जगह बनाई है। दूसरे नंबर पर लुधियाना स्थित पंजाब कृषि विवि और तीसरे पायदान पर नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान है। मेरठ स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल युनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी ने 17वीं रैंक हासिल कर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है।

रेलवे परीक्षाओं में नहीं चलेगा डिजाइनर मास्क, गमछा या रुमाल

प्रयागराज। 15 दिसंबर से शुरू हो रही रेलवे की भर्ती परीक्षाओं में अभ्यर्थियों को साधारण मास्क पहनकर जाना होगा। आरआरबी (रेलवे भर्ती बोर्ड) ने डिजाइनर या मानक के विपरीत मास्क पहनकर परीक्षा देने पर रोक लगाई है। अभ्यर्थी मुंह पर रुमाल या गमछा बांधकर भी परीक्षा नहीं दे पाएंगे। डिजाइनर मास्क, रुमाल या गमछा परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पहले उतरवाया जाएगा। परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों को पहनने के लिए मास्क दिया जाएगा। आरआरबी कोरोना काल में हो रही परीक्षाओं के लिए पर्याप्त मास्क के इंतजाम कर रहा है।

बोर्ड दिसंबर के मध्य से मिनिस्ट्रियल और आइसोलेटेड पदों की परीक्षा कराएगा। इसके बाद 28 दिसंबर से एनटीपीसी (नॉन टेक्निकल पॉपुलर कैटगरी) की परीक्षा शुरू होगी।

एनटीपीसी की परीक्षा मार्च 2021 तक खंडों में कराई जाएगी। महामारी को ध्यान में रखते हुए आरआरबी ने परीक्षार्थियों के लिए गाइडलाइन तैयार की। इसी गाइडलाइन में सामान्य मास्क पहनकर परीक्षा देने की शर्त रखी गई है।

आरआरबी इलाहाबाद के चेयरमैन आरए जमाली ने बताया कि परीक्षा केंद्रों को कोरोना से मुक्त रखने के लिए पहले सेनिटाइज कराया जाएगा। परीक्षा केंद्रों पर एक से दूसरे अभ्यर्थी के बीच छह फीट की दूरी होगी। परीक्षा केंद्रों पर बोर्ड मास्क का इंतजाम भी करेगा। मानक के अनुरूप मास्क नहीं मिलने पर परीक्षा केंद्र से दूसरा मास्क दिया जाएगा।

आरआरबी की प्रस्तावित परीक्षाएं

मिनिस्ट्रियल एंड आइसोलेटेड पद की परीक्षा 15 दिसंबर से

- उत्तर मध्य रेलवे और उत्तर रेलवे के इस श्रेणी में 126 पद हैं।
- 15 हजार 541 अभ्यर्थी उत्तर प्रदेष उत्तराखंड और मध्यप्रदेश के 39 केंद्रों पर परीक्षा देंगे।

एनटीपीसी की परीक्षा 28 दिसंबर से संभावित

- आरआरबी इलाहाबाद के अधीन 4099 पदों के लिए परीक्षा होगी।
- उत्तर प्रदेश व आसपास के राज्यों में आठ लाख से अधिक अभ्यर्थी परीक्षा देंगे।
- परीक्षा केंद्र व तारीख 25 दिसंबर तक घोषित किए जाएंगे।

ग्रुप डी की परीक्षा की तारीख अभी तय नहीं

- ग्रुप डी में 4730 पदों के लिए सात लाख 64 हजार अभ्यर्थी परीक्षा देंगे।

प्रारम्भिक स्तर पर कठिन विषय पर अवधारणात्मक समझ का विकास अत्यन्त आवश्यक है : संजय सिन्हा

प्रयागराज। प्रारम्भिक स्तर पर अवधारणाओं की स्पष्ट समझ बनाना विषय पर आयोजित वेबिनार की उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुये निदेशक सीमैट संजय सिन्हा ने कहा कि प्रारम्भिक स्तर पर कठिन विषयों पर बच्चों की अवधारणात्मक समझ का विकास अत्यन्त आवश्यक है। इसी के साथ उन्होंने यह भी कहा कि यह वेबिनार आपके शैक्षिक गुणवत्ता के उन्नयन में अत्यन्त सहायक सिद्ध होगा। उद्बोधन की कड़ी में आगे उन्होंने कहा कि सम्प्रत्यय बच्चों को इस प्रकार बताया जाय कि बच्चों के अन्दर स्पष्ट समझ का विकास हो सके।

इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ0 अमित खन्ना द्वारा सभी पैनल के अध्यक्षों व पैनल सदस्यों के साथ ही प्रतिभागियों का इस वेबिनार में जुड़ने के लिये हार्दिक स्वागत किया, साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री व महानिदेशक को भी सीमैट को यह अवसर प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया।

संबोधित करते नदेशक सीमैट संजय सिन्हा

वेबिनार विषयवस्तु व उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुये श्री प्रभात कुमार मिश्रा (समन्वयक) ने कहा कि यह वेबिनार मुख्यतः पाँच बिन्दुओं पर आधारित है। जिसमें सर्वप्रथम हम प्रारम्भिक स्तर पर गणित विषय की विभिन्न अवधारणाओं को कैसे सहज व सरल ढंग से स्पष्ट करें, विज्ञान विषय की विभिन्न अवधारणाओं को प्रायोगिक विधि से किस प्रकार समझाया जाय, हिन्दी भाषा व व्याकरण के समझने हेतु प्रयोग में आने वाल तकनीक किस तरह की हो, अंग्रेजी व्याकरण व भाषा को किस तरह बोधगम्य बनाया जाय एवं सामाजिक विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों से सम्बन्धित अवधारणाओं को किस प्रकार से स्पष्ट किया जाय पर आधारित हैं।

वेबिनार की प्रथम सत्र की अध्यक्षता संयुक्त निदेशक एस0सी0ई0आर0ई0टी0 अजय सिंह द्वारा की गयी। इस सत्र में बीजीय व्यंजको के भाग, सर्वसमिकाएँ व बेलन, शंकु की अवधारणाओं को पैनल विशेषज्ञों द्वारा स्पष्ट किया गया। दूसरे व तीसरे सत्र की अध्यक्षता डॉ0 भूपेश कुमार त्रिपाठी (एसोसिएट प्रोफेसर, सी0एम0पी0 डिग्री कालेज, प्रयागराज) द्वारा की गयी इन दोनों सत्रों में पायथागोरस की प्रमेय, त्रिभुज व चतुर्भुज का क्षेत्रफल, ल0स0प0, म0स0प0, लाभ-हानि एवं वैदिक गणित विभिन्न बिंदुओं पर प्रतिभागियों की समझ का विकास किया गया।

इस अवसर पर वेबिनार सत्र का मॉडरेशन प्रभात कुमार मिश्रा व डॉ0 अरविन्द कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया। उद्घाटन के अवसर पर शोध सहायक बाकर रजा आबिदी, विप्लव प्रताप सिंह एवं संस्थान के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहें।

उत्तर मध्य रेलवे पर खाद्यान्न, उर्वरक और कृषि से जुड़ी अन्य वस्तुओं की लोडिंग में सुधार

प्रयागराज। चालू वित्त वर्ष में उत्तर मध्य रेलवे ने 10.54 मिलियन टन माल ढुलाई की है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में लोड किए गए माल की तुलना में 1.9 लाख टन अधिक है। कोविड - 19 स्थिति के बावजूद यह उपलब्धि, खाद्यान्न लोडिंग में 40% की पर्याप्त वृद्धि और पिछले वर्ष की तुलना में उर्वरक लोडिंग में 5% सुधार के मदद से ही प्राप्त की जा सकी है । रेलवे के माध्यम से माल का परिवहन सुरक्षित, तेज, पर्यावरण के अनुकूल और परिवहन के अन्य साधनों से अधिक लागत प्रभावी है और रेलवे के माध्यम से खाद्यान्न और अन्य कृषि से संबंधित वस्तुओं के परिवहन में वृद्धि, कृषि और संबंधित क्षेत्रों में विकास का एक महत्वपूर्ण संकेतक है और किसानों को नए और उभरते बाजार से जोड़ता है

उत्तर मध्य रेलवे ने खाद्यान्न और अन्य वस्तुओं के लदान में सुधार के लिए कई कदम उठाए हैं जिसमें तीनों डिवीजनों में 17 गुड्स शेड में सुधार; एटा, खेराली, दतिया, डबरा, रायारू, ललितपुर, मथुरा आदि से खाद्यान्नों की अतिरिक्त और नई यातायात धारा के लिए 30% तक छूट के प्रावधान वाली स्टेशन से स्टेशन (STS) प्रस्तावों को अंतिम रूप देना; ICD दादरी में ट्रैक्टर लोडिंग का नया यातायात; मिनी और आधे रेक में खाद्य अनाज आदि के लोडिंग के माध्यम से नए यातायात प्राप्त करना; बांग्लादेश को खाद्य अनाज निर्यात यातायात प्राप्त करना आदि शामिल हैं। प्रयागराज डिवीजन पर खाद्यान्न और अन्य कृषि से संबंधित सामानों को लोड करने की हालिया उपलब्धि में लगभग 06 वर्षों के अंतराल के बाद इरादतगंज से खाद्यान्न लोडिंग, नैनी से पिछले 1.5 महीनों में 20 खाद्यान्न रेक लोड करना, ICD दादरी से 100 NMG वैगनों में ट्रैक्टरों का लदान, पनकीधाम से 121 वैगनों में नए ट्रैफिक के तहत खाद्यान्न की लोडिंग इत्यादि सम्मिलित हैं। आगरा डिवीजन के व्यापार विकास इकाई (BDU)के मार्केटिंग प्रयासों के तहत मथुरा से पहली बार 02 मिनी रेक में खाद्यान्न लोडिंग हुई। इसी तरह, झाँसी डिवीजन ने नवंबर -2020 में 1.5 लाख टन टन अनाज लोड किया है जो अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन है।

सरकार अन्नदाताओं के साथ विश्वासघात कर रही है : नेहा सिंह

करछना। कृषि बिल किसानों की जमीनों को हथियाने के लिए है यह बिल किसानों के विरोध में है। अगर अन्नदाता किसान खेती किसानी बंद कर देंगे तो हम भारतीय भोजन के लिए मरने लगेंगे। सरकार क्यों ऐसा बिल ला रही है की देश की जनता त्राहि त्राहि करने लगी है। सरकार की मुख्य योजना है कि देश के नागरिकों की जमीनों को अम्बानी व अडानी हमारी जमीन को सस्ते दामो मे खरीदकर महंगे दामों में बेचने के लिए सरकार क्यों ऐसा बिल बना रही है। यही किसान आप कि सरकार बनाए और उन्ही किसानों के साथ इतना बड़ा विश्वाश घात करने की सरकार की क्या मंशा थी। उक्त बातें आप पार्टी की जिला उपाध्यक्ष नेहा सिंह ने किसानों द्वारा भारत बंद के दौरान बिचार वयक्त कीं, उन्होने कहां कि सरकार की मंशा यह है की प्राइवेट मंडिओ का माल सस्ते दामो मे खरीदकर महंगे दामों में बेचने की नई कृषि बिल व्यवस्था बना रही है। यो गी जी ने किसानों के गन्ने के दामो मे एक दो रुपये नहीं बढ़ा या अन्नदाता कैसे अपनी दोबारा फसल कैसे उगाएँ।आम आदमी पार्टी के पूरे देश के कार्यकताओं व पदाधि कारियों ने कहा की चाहे जो करना पड़े टरढ की मांग सरकार को माननी ही पड़ेगी। 200 रुपये बिजली की बिल को सरकार ने 2000 रुपये कर दिया है सरकार चाह ती है कि हमारी जमीनों को कब्जा कर लिया जाए। यह कैसी नीति है। यह आन्दोलन तभी समाप्त होगा जब तक हमा री माँ गें मानी नहीं जाती।

किसान हाड तोड़ मेहनत कर रहा है । अपने परिवार और अपने देश की समृद्ध धि के लिए। उसकी उपज को कौडीओ के भाव सरकार बेच रही है। हम तभी प्रदर्शन खतम करेंगें। जब हमारी मांगे मानी जाएँगे। नहीं तो किसान आत्म हत्या के लिए मजबूर हो जाएंगें।माननीय मुख्यमंत्री जी व मान नीय सांस द संजय सिंह जी व माननीय सभा जीत सिंह जी प्रदेश अध्यक्ष जी व आम आदमी पार्टी के कार्य कताओं व पदाधि कारियों को सरकार नजर बंद कर रही है। जो तत्काल रिहा करे नहीं तो अन्ना हजारे जैसे आन्दोलन की शुरूआत हो जाएगी।

अखण्ड भारत संदेश के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

मुद्रक/प्रकाशक
स्वामी श्री योगी सत्यम

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

आवेदन 15 दिसंबर तक

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय ने सत्र जुलाई 2020-21 के प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाकर 15 दिसंबर कर दी है। प्रवेश प्रभारी डॉ. ज्ञान प्रकाश यादव ने बताया कि वैश्विक महामारी कोविड-19 की वजह से उत्पन्न असाधारण परिस्थितियों के कारण प्रदेश के विभिन्न अध्ययन केंद्रों पर छात्रों द्वारा अभी तक प्रवेश न ले पाने के कारण एक बार प्रवेश तिथि को और आगे बढ़ाया गया है। प्रदेश के सभी क्षेत्रीय केंद्रों से संबद्ध अध्ययन केंद्रों पर अब 15 दिसंबर तक प्रवेश की सुविधा प्रदान की जाएगी। विभिन्न अध्ययन केंद्र समन्वयक एवं छात्रों की मांग पर लोकप्रिय कार्यक्रमों में प्रवेश सुविधा का लाभ देने के लिए कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में लचीला रुख अपनाते हुए प्रवेश तिथि बढ़ाने का निर्णय लिया गया। मीडिया प्रभारी डॉ प्रभात चंद्र मिश्र ने बताया कि प्रदेश के प्रयागराज, अयोध्या, लखनऊ, बरेली, आगरा, मेरठ,कानपुर वाराणसी, झांसी, नोएडा, आजमगढ़ तथा गोरखपुर आदि क्षेत्रीय केंद्रों से संबद्ध 1100 से अधिक अध्ययन केंद्रों पर विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों के प्रथम, द्वितीय, तृतीय वर्ष में 15 दिसंबर तक प्रवेशार्थी ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे।

माघ मेला क्षेत्र में लगान बढ़ने से तीर्थ पुरोहित नाराज

प्रयागराज। प्रयागराज में प्रति वर्ष लगने वाले माघ मेले में स्नार्थियों के साथ ही साधु-संतों की भी भीड़ रहती है। वहीं तीर्थ पुरोहितों के सानिध्य में श्रद्धालु गंगा और यमुना के पावन संगम में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित करते हैं। इसी के तहत आगामी वर्ष के जनवरी में संगम तट पर माघ मास में मेला बसाने की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। तंबुओं की नगरी को आबाद करने के लिए प्रशासन की सक्रियता बढ़ गयी है। बिजली का पोल लगाने, पानी की पाइप लाइन बिछाने, चकर्ड प्लेट बिछाने का काम चल रहा है। वहीं तीर्थ पुरोहित प्रशासन से संतुष्ट नहीं है।

माघ मेला को लेकर संगम मार्ग स्थित तीर्थ पुरोहित गंगा महासभा के केंद्रीय कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। इसमें मेला प्रशासन द्वारा मनमाने ढंग से चार गुना से अधिक लगान बढ़ाने की निंदा की गई। तीर्थपुरोहितों ने उसका सामूहिक रूप से विरोध करने का निर्णय लिया है। कहा कि कोई लगान जमा नहीं करेगा। वक्ताओं ने कहा कि लगान बढ़ाने के पूर्व माघ मेला सलाहकार समिति और प्रयागवाल समाज के प्रतिनिधिमंडल की स्वीकृति अति आवश्यक है। हालांकि प्रशासन ने इस नियम का पालन नहीं किया।



धीरज कुमार शर्मा ने कहा कि मेला में सामाजिक, राजनीतिक तथा अन्य संस्थाओं को सारी सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है। वहीं जो तीर्थ पुरोहित समस्त धार्मिक अनुष्ठान कराते हैं, उन्हें उपेक्षित किया जा रहा है। इस बार तीर्थ पुरोहित समाज की सुविधाओं पर कटौती की जा रही है। ये सौतेला व्यवहार समझ से परे है। कहा कि प्रशासन ने अपना निर्णय जल्द न बदला तो तीर्थपुरोहित मेला का बहिष्कार करके प्रदर्शन शुरू कर देंगे। बैठक में हिरामन भारद्वाज, प्रकाशचंद मिश्रा, सुरेश तिवारी, हेमंत पांडेय, गोविंद मिश्र, प्रकाशानंद शर्मा, दिनकर तिवारी, कमल शर्मा, मनोज दुबे, महेंद्रनाथ शर्मा, दिनेश तिवारी, दिनकर तिवारी, राजेश पाठक,विमल शर्मा, धर्मेंद्र पांडे आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप समाचार

रेल लाइन पर मिला अज्ञात पुरुष का शव

अझुवा कौशांबी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू पावर हाउस के पास हावड़ा दिल्ली रेल लाइन के डाउन लाइन पर एक अज्ञात पुरुष का शव मिला है पुरुष की उम्र लगभग 45 वर्ष बताई जाती है रेल लाइन के पास शव पाए जाने की जानकारी मिलते ही आसपास के तमाम ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए हैं लेकिन काफी प्रयास के बाद भी शव की शिनाख्त ग्रामीण नहीं कर सके हैं। सूचना पर पहुँचे चौकी प्रभारी सिराथू हेमंत मिश्र ने पुरुष के लाश की शिनाख्त का प्रयास करवाया लेकिन खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नही हो सकी है चौकी इंचार्ज सिराथू हेमंत मिश्र ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है! एक सप्ताह के अंदर रेलवे लाइन में 3 अज्ञात शव मिल चुके हैं जिनकी शिनाख्त नही हो पाई है ।जानकारी के अनुसार इस शव के पास सुसाइड नोट मिला है लेकिन पता नही लिखा हुआ है!

नलकूप चालकों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का हुआ लाइव प्रसारण

कौशाम्बी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ जी के लखनऊ में आयोजित नव नियुक्त नलकूप चालकों के नियुक्ति वितरण कार्यक्रम का बुधवार को कलेक्टेट स्थित एनआईसी कार्यालय में लाइव प्रसारण किया। इसके बाद जनपद में नलकूप खण्ड प्रथम प्रयागराज के द्वारा कुल 10 नव नियुक्त नलकूप चालकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता नलकूप सिद्धार्थ सिंह ने कु0 पूजा सिंह, कु0 बबिता यादव, गिरीश गोंड़, विवेक कुमार गोंड़, आनन्द सिंह, बलराम सिंह आदि रहे।

21 नलकूप चालकों को सांसद, विधायक एवं डीएम ने किया नियुक्ति पत्र वितरित

सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के नव चयनित

प्रतापगढ़। मिशन रोजगार के अन्तर्गत निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा नवचयनित सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के 3209 नलकूप चालकों को आज लखनऊ से माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने नियुक्ति पत्र वितरित कर उन्हें सम्बोधित किया। इसी क्रम में जनपद प्रतापगढ़ में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के नव चयनित 21 नलकूप चालकों को एन0आई0सी0 के सभागार में सांसद संगम लाल गुप्ता, विधायक सदर राजकुमार पाल एवं जिलाधिकारी डा0 रूपेश कुमार ने नियुक्ति पत्र वितरित किया, इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी दिखाया गया। एन0आई0सी0 के सभागार में आज जिन 21 नलकूप चालकों को नियुक्ति पत्र दिया गया उनमें राम आसरे पटेल, पवन कुमार मोदनवाल, सूरज शुक्ला, महेन्द्र कुमार पाल, राहुल कुमार, अखिलेश त्रिपाठी, राघवेन्द्र सिंह, खालिद अली, राजू कुमार गुप्ता, सतीश कुमार शर्मा, राम बहादुर गौतम, सजन लाल सरोज, अभय प्रताप सिंह, अनूप कुमार सिंह, विनोद कुमार मिश्र, अशोक कुमार कौडिन्य, अरविन्द तिवारी, अतुल आजाद, कु0 कल्पना गुप्ता, कु0 राजकिरन एवं जगराम के नाम सम्मिलित है। मुख्यमंत्री जी ने नव चयनित नलकूप चालक विनोद कुमार मिश्र से आनलाइन संवाद के दौरान जानकारी प्राप्त की कि नलकूप आपरेटर बनकर आपको किसानों की सेवा करने का मौका मिला है, आप किसानों के लिये कैसा कार्य करेंगें तो उसने कहा कि किसानों के लिये मैं अच्छा कार्य करूंगा और किसी को शिकायत का मौका नहीं दूंगा। मुख्यमंत्री जी ने सभी नवचयनित नलकूप चालकों एवं उनके परिवार को बधाई भी दी। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय, जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई सुधीर कुमार पाल, अधिशासी अभियन्ता नलकूप प्रयागराज बलवन्त कुमार, सहायक अभियन्ता सिंचाई खण्ड संजय सिंह, सिंचाई बन्धु के उपाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने नवचयनित नलकूप चालक विनोद कुमारसे किया आनलाइन संवाद

कुंडा के युवक की बिजनौर में मौत

प्रतापगढ़। ईंट भट्ठे पर काम करने बिजनौर गए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव गांव लाया गया तो परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने युवक की मौत पर सवाल उठाते हुए पुलिस को तहरीर दी है ।बाघराय थाना क्षेत्र के मलावां छजईपुर निवासी दिनेश कुमार सरोज (45) जीविकोपार्जन के लिए चार दिसंबर को ईंट भट्ठे पर काम करने बिजनौर गया था। बिजनौर के धाती गांव के आशिक अली के ईंट भट्ठे पर काम करने के दौरान मंगलवार को अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी तो साथी अस्पताल ले गए। वहां उसकी मौत हो गई। आननफानन भट्ठा मालिक ने दिनेश का शव उसके घर भिजवा दिया। मृतक की पत्नी भटपुरहिन, बेटे विक्रम, राज, बेटियां मोहिनी, रोहिनी रो रोकर बेहाल हैं। बुधवार को दोपहर बाद अंतिम संस्कार श्रृंगवेरपुर गंगा घाट पर किया गया।

बारातियों ने रिश्तेदारों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

प्रतापगढ़। डांस के लिए बारातियों व लड़की पक्ष के रिश्तेदारों में मारपीट हो गई। पिटने से खुन्नस खाए बारातियों ने घर लौट रहे रिश्तेदारों को घेरकर पीटा। रिश्तेदार जान बचाने के लिए बाइक छोड़कर भाग गए तो उनकी बाइक तोड़ दी। लावारिस हालत में घटनास्थल पर मिली दोनों बाइक थाने भेजकर पुलिस छानबीन कर रही है।अंतू थाना क्षेत्र के बसखोरी निवासी राम फकीरे वर्मा के बेटे की बारात 8 दिसंबर को लंगडा का पुरवा निवासी ननकू वर्मा के घर गई थी। बताया जाता है कि शादी में शामिल होने के लिए आए ननकू के चार रिश्तेदार नशे में थे। बारात में डांस करने को लेकर बारातियों व ननकू के रिश्तेदारों में मारपीट हो गई। आरोप है कि रिश्तेदारों ने कुछ बारातियों को पीट दिया। वहां उपस्थित लोगों ने बीचबचाव किया। खाना खाने के बाद रिश्तेदार दो बाइक से अपने घर जाने लगे। पिटे बारातियों ने चारों आरोपितों का पीछा कर लिया। बारातियों ने कल्यानपुर के पास रिश्तेदारों को घेर लिया और दौडाकर पीटने लगे। वह लोग अपनी जान बचाते हुए कल्यानपुर निवासी नोहर के घर में घुस गए। बाराती वहां भी पहुंच गए तो रिश्तेदार अपनी बाइक नोहर के घर छोड़ कर पैदल खेत की ओर भाग निकले। वहीं, दूसरी बाइक पर सवार रिश्तेदार पूरे परमेश्वर में अपनी बाइक छोड़ कर भाग गए। बारातियों ने दोनों बाइक को ईंट-पत्थर व डंडे से मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया, तब तक ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। ग्रामीणों को देख बाराती भाग गए। एसओ प्रवीण कुशवाहा का कहना है कि दोनों बाइक थाने भेज दी गई है, घटना की जांच की जा रही है लेकिन अभी किसी पक्ष ने तहरीर नहीं दी है।

जनसंपर्क करते भारतीय क्रांति रक्षक दल के नेता

आगामी चुनाव को लेकर भारत क्रांति रक्षक पार्टी के अध्यक्ष ने किया दौरा

इमामगंज कौशाम्बी। जिला कौशाम्बी के चायल विधानसभा के अशरफपुर गांव में भारत क्रांति रक्षक पार्टी का सफल व जोरदार कार्यक्रम सम्पन्न हुआ भारत क्रांति रक्षक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाखन सिंह राज पासी ने लोगों से अपील की और कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में हमें एक बार विधायक बनने का मौका दीजिए जिससे हम क्षेत्र की जनता की आवाज को आगे बढ़ा सकें और जनता की समस्याओं का समाधान कर सकें। पार्टी को और मजबूत करने के लिए उन्होंने अपने कार्यकताओं को ज्यादा से ज्यादा सदस्यता जोड़ने का निर्देश दिया, जिम्मेदारी लेने वाले क्रांति रक्षक पार्टी के सिपाहियो मे अधिकतर मुस्लिम समुदाय व अनुसूचित बिरादरी से हैं सबने तन मन धन से पार्टी को अन्य गाँवों मे भी मजबूत करने का वादा किया है। इस मौके पर भारत क्रांति रक्षक पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष इब्राहिम कुरैशी, महफूज अहमद, शारदा प्रसाद, राम सूरत व अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

जमीन के विवाद में मारपीट, चार घायल

प्रतापगढ़। फतनपुर थाना क्षेत्र के रहेटुआ परसरामपुर निवासी राम सजीवन व नंदलाल के बीच भूमि विवाद है। उसी विवाद में बुधवार को दोनों पक्षों में लाठी-डंडे चले। इसमें एक पक्ष से राम सजीवन (40), कमलेश (26), सितारा (24) व दूसरे पक्ष से नंदलाल (34) घायल हो गए। सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर दी है।

प्रभारी मंत्री की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में कुल 42 जोड़े विवाह के बंधन में बंधे

कौशाम्बी। मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना ह्लमुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनाह्व के अन्तर्गत बुधवार को जनपद के मंझनपुर, सरसवां, नेवादा एवं कड़ा विकास खण्डों में सामूहिक विवाह कार्यक्रम कोविड-19 का पालन करते आयोजित किया गया। प्रभारी मंत्री चन्द्रिका प्रसाद की उपस्थिति में विकास खण्ड मंझनपुर में सामूहिक विवाह कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें 10 जोड़े विवाह के बंधन में बधें।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम सम्बन्धित धर्मो के रीति रिवाजों के अनुसार संपन्न हुआ। आयोजित कार्यक्रम में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद के नामित प्रभारी मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपध्याय, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती अनीता त्रिपाठी जिलाधिकारी अमित कुमार सिह, पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन, मुख्य विकास अधिकारी शशिकान्त त्रिपाठी सहित जनपद के अन्य अधिकारीगणों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने विवाह मण्डप में उपस्थित जोड़ो को आशीर्वाद दिया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते प्रभारी मंत्री

आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री की यह योजना गरीब एवं असहाय परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है।उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार प्रतिक्षण गरीब एवं असहाय लोगों के साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर खड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा गरीबों के कल्याण के लिए अन्य योजनायें भी संचालित की जा रही है, जिससे गरीब और असहाय व्यक्ति लाभान्वित हो रहे है। उन्होने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री की भूरि-भूरि प्रशंसा की, साथ ही साथ उन्होने जिला प्रशासन के द्वारा मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप सामूहिक विवाह कार्यक्रम के भव्य आयोजन के लिए तारीफ करते हुए बधाई दी। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री एवं भाजपा जिलाध्यक्षा ने प्रत्येक विवाहित जोड़े को मोबाइल फोन एवं मीठा उपहार स्वरूप भेंट किया। सामूहिक विवाह कार्यक्रम के अन्तर्गत विकास खण्ड मंझनपुर में 10 जोड़े, विकास खण्ड नेवादा में 10 जोड़े, विकास खण्ड सरसवां में 12 जोड़े एवं विकास खण्ड कड़ा में 10 जोडे. विवाह के बन्धन में बधें। इस अवसर पर जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के बारे में मण्डप में उपस्थित लोगों को विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि इस योजना के अन्तर्गत विवाहित जोड़ों को दाम्पत्य जीवन में खुशहाली एवं गृहस्थी की स्थापना हेतु सहायता राशि के रूप में 35000 (पैतीस हजार) रुपए कन्या के खाते में अंतरित कर दी गयी हैं। उन्होंने कहा कि योजना के अन्तर्गत विवाहित जोड़ों को विवाह संस्कार हेतु आवश्यक सामग्री (कपडे, विछिया, पायल, 07 वर्तन) हेतु 10000 (दस हजार) रुपए खर्च किये जाने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विवाहित जोड़े पर शादी समारोह में 6000 (छः हजार) रुपए खर्च करने का प्रावधान है। जिलाधिकारी ने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत एक जोड़े पर कुल 51000(इक्यावन हजार) रुपए खर्च किये जाने का प्रावधान है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर कुमार सहित जनपद के सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगणों के अलावा भारी संख्या में जन सामान्य उपस्थित रहे।

आमने सामने बाइक सवार भिड़े एक की हुई मौत,भाई घायल

अझुवा कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के टाण्डा पुल के पास हुई मोटरसाइकिल भिड़ंत में गंभीर घायल की हुई मौत। मिली जानकारी के अनुसार बीती देर शाम कमलेश कुमार पटेल उम्र 38 वर्ष पुत्र रामसिंह पटेल अपने चचेरे भाई सुरेंद्र सिंह उम्र 22 वर्ष पुत्र केशन पटेल निवासी रामपुर धमावा थाना सैनी के साथ मोटरसाइकिल से अपनी ससुराल फतेहपुर जिले के बारा पुर सुल्तान पुर घोष जा रहे थे टाण्डा पुल के पास बीरेंद्र सिंह निवासी फतेहपुर मोटरसाइकिल से जा रहे थे दोनों मोटरसाइकिल की आमने सामने से भिड़ंत हो गयी। जिसमें कमलेश कुमार और बीरेंद्र सिंह पुत्र रामऔतार उम्र लगभग 42 वर्ष निवासी मूँज ऊँवरी थाना हथगाम फतेहपुर बाइक सवार गंभीर घायल हो गए ।सूचना पर पहुंचे चौकी इंचार्ज अझुवा विजय कुशवाहा ने घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा डॉक्टरों ने कमलेश की स्थित गंभीर देखते हुए प्रयागराज के लिए रिफर किया लेकिन रास्ते मे ही कमलेश की मौत हो गयी। वही इस दुर्घटना में सुरेंद्र सिंह घायल है परिजनों में हाहाकार मचा हुआ है।

बस पलटने के बाद मौके पर पहुंची ग्रामीण जनता

बारातियों से भरी बस पलटी कई लहूलुहान

चरवा कौशाम्बी। चरवा थाना क्षेत्र के काजू पानी टंकी के पास सड़क पार कर रही मां बेटी को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर बारातियों से भरी बस पेड़ से टकराकर गड्ढे में पलट गई है जिस से तमाम बारातियों को चोटे आई है घटनाक्रम के मुताबिक राहुल कुशवाहा पुत्र सन्त लाल कुशवाहा निवासी मनौरी थाना पूरामुफ्ती की बारात मनौरी गाँव से शाम को मडउर जनपद बांदा बस के द्वारा जा रही थी ।बस में 40 से 45 लोग थे ड्राइवर मोहम्मद आतिब पुत्र जियाउल हक बस चालक जैसे ही बस काजू पानी टंकी नलकूप सेकेंड के पास पहुचीं महिला व बच्ची के बचाने के चक्कर में बस अनियंत्रित होकर रोड़ के खाई में पलट गई चीख पुकार सुन कर काजू गाँव के ग्रामीण व राहगीरों ने एक- एक कर के सभी को बस के अन्दर से निकाले ! सूचना पाकर मौके पर चरवा पुलिस पहुचीं बरातियों को चोटें आयी हैं।

तिलक लेकर गये युवक की टेम्पो से दबकर हुई मौत दो लहूलुहान

नेवादा कौशाम्बी। पिपरी थाना क्षेत्र के एक गाँव में तिलक लेकर गये युवक की वापस घर आते समय टेम्पो से दबकर मौत हो गयी है पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार पिपरी थाना क्षेत्र के बूंदा गाँव निवासी सुरुजपाल पासी पुत्र स्व०भैय्यन उम्र लगभग 37 वर्ष सोमवार को अपने भाई की लड़की के तिलक लेकर आटो गाड़ी से घोसी गाँव गया थे वापसी घर आते समय जैसे ही नूरपुर गाँव के करीब ऑटो पहुची कि गाड़ी चालक अपना नियंत्रण खो बैठा और आटो पलट गया जिसमें दबकर घटना स्थल पर सुरुजपाल की मौत हो गई जब कि दो अन्य बच्चो को हल्की चोटें आई है पुलिस ने लाश को पीएम के लिए भेज दिया है।

10 फिट गहरे खाई में पलटा विक्रम 3 गंभीर

अर्का कौशाम्बी। करारी थाना क्षेत्र के पीपरकुंडी गांव के पास 10 फिट गहरे खाई में एक विक्रम का टायर फट जाने से पलट गया है जिसमे मन्नो 30 वर्ष नाममुरा 15 वर्ष और नगमा 34 वर्ष को गंभीर चोट आई है मौके पर ईट भट्टे पर काम कर रहे मजदूरो ने विक्रम में दबे लोगो को बाहर निकला और एम्बुलेंस बुला कर इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया जिसमे नामरा को प्रयागराज रेफर कर दिया गया है।

कोतवाल ने मंडी संचालक व्यापारियों को दी हिदायत

अझुवा कौशाम्बी। सिराथू तहसील के सैनी पेट्रोल पंप के पास बड़ी सब्जी मंडी लगती है जहां पर क्षेत्र के सब्जी किसान उत्पाद लाकर बेंचते हैं कुछ वर्षों के बाद ही सब्जी मंडी विशाल मंडी के रूप में परिवर्तित हो रही है इस समय आलम यह है कि गांव के किसान,व्यापारी मंडी से सटे राष्ट्रीय राजमार्ग की पटरियों तक मे अपनी दुकान लगाने लगे थे ।जिससे सड़क से गुजरने वालों को परेशानी और दुर्घटना की प्रबल संभावना बनी रहती है। सैनी कोतवाली प्रभारी प्रदीप सिंह के नेतृत्व में आज कोतवाली पुलिस आत्मा प्रसाद यादव एस आई, जनार्दन सिंह एस आई,केदारनाथ राय एस आई सहित तमाम पुलिस कर्मी सैनी मंडी पहुंचकर राष्ट्रीय राजमार्ग छोड़कर अंदर तरफ दुकान व्यापार करने की हिदायत दी नही मानने पर मंडी संचालक सहित सड़क पर दुकान लगाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की उन्होंने चेतावनी दी।

छात्रवृत्ति के लिए 15 दिसम्बर तक करें ऑनलाइन आवेदन

करारी कौशाम्बी। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी शैलेश राय ने बताया है कि अन्य पिछड़ा वर्ग के पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्र छात्राओं के छात्रवृत्ति के लिए अंतिम तिथि 15 दिसम्बर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। जिसमें हाईस्कूल/इण्टर कालेज/ डिग्री/ तकनीकी/ व्यवसायिक/अन्य शैक्षिक संस्थानों एवं उनमें अध्ययनरत छात्र/छात्राओ के पिछड़ी जाति पूर्वदशम (कक्षा 9-10) एवं दशमोत्तर (कक्षा 11-12 एवं अन्य दशमोत्तर कक्षाएं) छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पूर्वदशम छात्रवृत्ति हेतु छात्रां द्वारा ऑनलाइन आवेदन को सबमिट करने की अंतिम तिथि 07 दिसम्बर, 2020 तथा संस्था द्वारा छात्रो से प्राप्त ऑनलाइन आवेदन पत्रां को अग्रसारित करने की अन्तिम तिथि 14 दिसम्बर, 2020 है। दशमोत्तर छात्रवृत्ति हेतु छात्रां द्वारा ऑनलाइन करने की अन्तिम तिथि 15 दिसम्बर, 2020 एवं छात्रां द्वारा ऑनलाइन आवेदन को सबमिट करने की अन्तिम तिथि 22 दिसम्बर, 2020 तथा संस्था द्वारा छात्रों से प्राप्त ऑनलाइन आवेदन पत्रां को अग्रसारित करने की अन्तिम तिथि 29 दिसम्बर, 2020 शासन द्वारा निर्धारित की गयी है। दशमोत्तर कक्षाओ के नवीनीकरण के जिन छात्र/छात्राओं द्वारा अपने आधार कार्ड में नाम संशोधन किया गया है तो वे प्रदेश सरकार की समस्त प्रकार की छात्रवृत्ति वेबसाईट पर अपने नवीनीकृत आवेदन में नाम संशोधित आधार की प्रविष्टि के उपरान्त गतवर्ष के आवेदन पत्र की प्रति हाईस्कूल प्रमाणपत्र, संशोधित आधार कार्ड की प्रति सहित 10 दिसम्बर, 2020 तक प्रत्येक दशा में कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के यहां उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। ताकि कार्यालय स्तर से ऑनलाइन आवेदन वेरीफाई होने के बाद छात्र/छात्राओं को पोर्टल पर आवेदन भरने हेतु खुल सके।

बेटियों को आगे बढ़ने का अवसर दें : रन बहादुर

प्रतापगढ़। मिशन शक्ति के तहत 16 दिवसीय महिला हिंसा बिरोधी अभियान के अंतर्गत जिला प्रोवेशन कार्यालय मे महिला हिंसा व बाल विबाह पर एक परिचर्चा आयोजित की गई । जिसमे जिला प्रोवेशन अधिकारी रन बहादुर वर्मा ने कहा कि बेटियो को आगे बढ़ाने का अवसर मिलना चाहिये ताकि बेटिया सशक्त होकर अपने अधिकार ले सके । घरेलू महिला हिंसा पर चर्चा करते हुए श्री वर्मा ने कहा कि घर मे महिलाओ के प्रति सकारात्मक सोच पैदा करने के लिए पुरुषो को आगे आना चाहियेद्य आक्स्फाम इंडिया ,सहयोग ,तरुण चेतना व चाइल्डलाइन के संयुक्त तत्वाधान मे आयोजित इस कार्यक्रम मे बाल विबाह रोकथाम पर चर्चा करते हुए तरुण चेतना के निदेशक नसीम अंसारी ने कहा कि शादी की कानूनी उम्र बढ़ाने के बजाय बेटियो को सशक्त करने की जरूरत है । इसके लिए बेटियो को सुरक्षा ,सम्मान व स्वावलंबन के क्षेत्र मे आगे बढ़ाकर बाल विबाह जैसे सामाजिक बुराई को रोका जा सकता जा सकता हैं। इसी क्रम मे बाल संरक्षण अधिकारी अभय शुक्ला ने बच्चो के मुद्दे पर चर्चा करते हुए कहा कि बच्चो को आगे बढ़ने के लिए समाज मे सकारात्मक माहौल बनाने की जरूरत है उनके लिए हम शिक्षा, स्वाथ्य व बरावरी की अलख जगाकर उनके अधिकार को सुनिश्चित कर सकते है इसी क्रम के समन्वयक कृष्ण कान्त राय चाइल्डलाइन ने बच्चो के अधिकारो पर बोलते हुए कहे कि जबतक हर परिवार जागरूक नही होगा तव तक बेटिया जागरूक नही होगी इसके लिए सभी हम सबको मिलकर बेटियो को जागरूक करने का काम करना है । कार्यक्र्म मे महिला शक्ति केंद्र की जया यादव ,विशेष किशोर पुलिस इकाई से राजेश सिंह व एन्टी हुयमन ट्राफकिंग से राम बचन ने भी अपने बिचार ब्यक्त करते हुए संकल्प पत्र पर हस्ताक्षर किए।

महिला हिंसा व बाल विवाह पर एक परिचर्चा आयोजित

सपा नेताओं की गिरफ्तारी का विरोध

प्रतापगढ़। समाजवादी पार्टी के नेताओं ने प्रशासन पर पार्टी कार्यकताओं का उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए पट्टी में हुई गिरफ्तारी का विरोध किया। बुधवार को जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर उनकी रिहाई की मांग की गई ।जिला महासचिव अनीस खान के नेतृत्व में ज्ञापन देने पहुंचे नेताओं ने कहा कि मंगलवार को पट्टी पुलिस ने सपा व कांग्रेस के 15 लोगों को हिरासत में लिया था। सभी का शांतिभंग की आशंका में चालान किया गया लेकिन एसडीएम ने सपा जिला उपाध्यक्ष जीतलाल उर्फ पप्पू यादव, उनके बेटे शिवम व सुरेश को 14 दिन के लिए जेल भेज दिया। सपा नेताओं ने कहा कि उत्पीड़न की यह कार्रवाई राजनीतिक षड़यंत्र से पीड़ित है। ऐसे में जेल भेजे गए तीनों की तत्काल रिहाई की जाए। इस दौरान अभिषेक तिवारी, मो. इरफान, शकील अहमद, पूर्व प्रमुख शांति सिंह, अमित सिंह, हरीश शुक्ला आदि।

अनुरागी जी महाराज ने प्रभु के वामन अवतार का वर्णन किया

प्रतापगढ़। नींवी खुर्द गारापुर प्रयागराज में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। बुद्धवार को चैथे दिन कथावाचक पं. शेषधर मिश्र अनुरागी जी महाराज ने प्रभु के वामन अवतार के वृतांत का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। भक्तों ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव को बड़ी धूमधाम से मनाया। भागवत कथा के चैथे दिन की शुरूआत भागवत आरती और विश्व शांति के लिए प्रार्थना के साथ की गई। कथावाचक ने कहा कि कथा श्रवण करना परम सौभाग्य है जो लोग भक्ति करने जाएंगे तो उसकी परीक्षाएं तो होंगी। श्रीमद् भागवत महापुराण को श्रवण करने से हमारे जन्म जन्मांतर के दुःख समाप्त हो जाते हैं, पाप और दुख में बहुत अंतर है। श्रीमद् भागवत कथा चतुर्थ दिवस के प्रसंग का वृतांत सुनाते हुए बताया कि वामन अवतार भगवान विष्णु के दशावतारों में पांचवा अवतार और मानव रूप में अवतार था जिसमें भगवान विष्णु ने एक वामन के रूप में इंद्र की रक्षा के लिए धरती पर अवतार लिया। यह आयोजन नीरज तिवारी, श्रीकांत त्रिपाठी एवं राधाकांत त्रिपाठी द्वारा किया जा रहा है। कथा पंडाल में यजमान में श्री लक्ष्मीकांत त्रिपाठी एवं श्रीमती कुशलता देवी सहित दूर- दराज से आए से सैकडों गणमान्य अतिथियों सहित भक्तगणों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिती दर्ज करवाई।

कथा में प्रभु के वामन अवतार का वर्णन करते कथा वाचक